हिन्दी पाक्षिक

# सेमन्या कणवघाटी

RNI No.: UTTHIN/2013/54659

वर्ष-11 अंक-11 हरिद्वार, सोमवार, 15 अप्रैल, 2024 मूल्य-दो रूपया मात्र पृष्ठ-8

# पीएम ने किया संकल्प पत्र का लोकार्पण

नई दिल्ली, (एजेंसी)। भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में पार्टी मुख्यालय में भाजपा का घोषणापत्र जारी किया गया। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में 27 वरिष्ठ नेताओं की एक समिति बनाई गई। इसी समिति ने घोषणापत्र तैयार किया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस समिति की संयोजक हैं।




इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा, भाजपा सरकार ने गरीबों को 4 करोड़ पक्के घर बनाकर दिए हैं। अब जो अतिरिक्त जानकारियां राज्य सरकारों से मिल रही हैं, उन परिवारों की भी चिंता करते हुए हम 3 करोड़ घर और बनाने का संकल्प लेते हुए आगे बढ़ेंगे। अभी तक हमने सस्ते सिलेंडर घर-घर पहुंचाए हैं, अब हम पाइप से सस्ती रसोई गैस घर-घर पहुंचाने के लिए तेजी से काम करेंगे।श प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा का चुनावी घोषणा पत्र श्संकल्प पत्रश जारी होने पर कहा, श्जिनको किसी ने नहीं पूछा, उनको मोदी पूजता है। यही सबका साथ, सबका विकास का भाव है और यही भाजपा के संकल्प पत्र की आत्मा है... भाजपा ने ट्रांसजेंडर साथियों को भी अब आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लाने का निर्णय लिया है।श प्रधानमंत्री ने कहा कि अब भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।

बीजेपी संकल्प पत्र पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, श्भारत को विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने की संकल्पना पर आधारित 14 नए संकल्पों के साथ गरीब, युवा, महिलाएं और किसान पर आधारित बीजेपी ने अपना श्संकल्प पत्रश जारी कर दिया है। ये संकल्प पत्र देश की महत्वाकांक्षा है, जो देश का महत्वाकांक्षा है वही मोदी का मिशन है... मैं इसके लिए पीएम मोदी समेत सभी को धन्यवाद करता हूं। यह श्संकल्प पत्रश देश के सभी नागरिकों को एक श्मोदी की गारंटीश है।श

बीजेपी के घोषणा पत्र जारी होने पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, श्पिछले 10 वर्षों में हमने जो कहा वो पूरा किया और अब जो हम कहेंगे वो भी पूरा करेंगे।.सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण यही हमारा आधार पिछले 10 वर्षों में रहा है..तीसरी पारी जब पीएम मोदी शुरू करेंगे तो अगले 3 वर्ष में भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे।श

भाजपा के चुनावी घोषणापत्र श्संकल्प पत्रश जारी होने पर भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा, श्बहुत बढ़ियां संकल्प पत्र है... पूरा देश पीएम मोदी के साथ है। जीतेंगे मोदी, आएंगे मोदी और छाएंगे मोदी।श

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मोदी सरकार ने वादा पूर्ति का ट्रैक रिकॉर्ड बनाया है। आज भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में गरीबों, किसानों व नारी शक्ति के सशक्तीकरण, सोशल, फिजिकल व डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास, ऊर्जा के क्षेत्र में स्वावलंबन व हर वर्ग, हर समुदाय, हर क्षेत्र की समृद्धि से मजबूत भारत के निर्माण के विजन को जनता-जनार्दन के सामने रखा है। यह पत्र देश को अंतरिक्ष से लेकर सहकार व शिक्षा से लेकर उद्यम-व्यापार में सर्वोच्च बनाने और सांस्कृतिक मानबिंदुओं का संवर्धन और संरक्षण करते हुए देशवासियों की आशाओं व आकांक्षाओं को पूरा कर उनके भविष्य को मजबूत आधार देने की मोदी की गारंटी भी है। मोदी सरकार ने एक दशक में देश के गरीबों, किसानों व वंचितों के जीवनस्तर को बेहतर बनाने का कार्य किया है। एक तरफ जहाँ अन्न योजना, आयुष्मान योजना, स्वनिधि व पीएम मानध न से देश के करोड़ों गरीब लाभान्वित हुए, वहीं किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, खाद-बीज के दामों में कमी व फसल मूल्य में वृद्धि के कार्यों से देश के किसान भी सशक्त हुए। मोदी 3.0 में देश के गरीब, किसान, महिला, युवा व बुजुर्गों के सशक्तीकरण के प्रयासों को और अधिक गति देने के संकल्प के साथ प्रस्तुत भाजपा का यह संकल्प पत्र, सभी आयु, वर्ग व समुदाय के चहुँमुखी विकास की 'मोदी की गारंटी' है।

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। भाजपा के घोषणापत्र में कई बड़े-बड़े एलान किए गए हैं। भाजपा के घोषणापत्र में 24 गारंटियां दी गई है। जिनमें गरीब परिवारों की सेवा की गारंटी, मध्यम वर्ग को गारंटी, नारी शक्ति के सशक्तिकरण की गारंटी, युवाओं को अवसर की गारंटी, वरिष्ठ नागरिकों को वरीयता की गारंटी, किसानों को सम्मान की गारंटी, मतस्य पालकों को गारंटी, श्रमिकों को सम्मान की गारंटी, एमएसएमई, छोटे व्यापारियों के सशक्तिकरण की गारंटी, सबका साथ-सबका विकास की गारंटी, विश्वबंधु भारत की गारंटी, सुरक्षित भारत की गारंटी, समृद्ध भारत की गारंटी, देश को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग का हब बनाने की गारंटी, विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर, ईज ऑफ लिविंग की गारंटी, विरासत भी विकास की भी गारंटी, सुशासन की गारंटी, स्वस्थ भारत की गारंटी, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की गारंटी, खेल के विकास की गारंटी, तकनीक और नवाचार की गारंटी, पर्यावरण अनुकूल भारत की गारंटी दी गई है।

भाजपा के घोषणापत्र के वादे :-

औद्योगिक और व्यवसायिक क्षेत्रों में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल का निर्माण किया जाएगा, जिसमें शिशुगृह जैसी सुविधाएं भी होंगी।

भाजपा ने मुद्रा योजना के विस्तार का वादा किया है। इसके तहत तरुण श्रेणी में समय पर लोन चुकाने वाले उद्यमियों के लिए मौजूदा क्रेडिट सीमा को बढ़ाकर 20 लाख रुपये किया जाएगा।

भाजपा ने पूरे देश में वंदे भारत ट्रेनों का विस्तार करने का वादा किया है। वंदे भारत ट्रेनों के तीन मॉडल देश में संचालित होंगे, जिनमें वंदेभारत स्लीपर, वंदे भारत चेयरकार और वंदे भारत मेट्रो शामिल होंगी। अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन का काम लगभग पूरा होने वाला है। उत्तर भारत में भी बुलेट ट्रेन चलाई जाएगी। साथ ही दक्षिण भारत और पूर्वी भारत में भी बुलेट ट्रेन चलाई जाएगी।

भाजपा के घोषणा पत्र के बड़े वादे :-

ट्रक ड्राइवरों के लिए एक नई योजना शुरू करके राष्ट्रीय राजमार्गों पर उनके लिए आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

छोटे व्यापारियों और एमएसएमई को आग, चोरी, प्राकृतिक आपदाओं जैसी दुर्घटनाओं से बचाने के लिए किफायती बीमा प्रोडक्ट्स शुरू किए जाएंगे।

साल 2025 को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के चलते जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाया जाएगा।

भाजपा के घोषणापत्र की बड़ी बातें-

भाजपा ने एलान किया है कि 80 करोड़ परिवारों को पांच और साल मुफ्त राशन स्कीम का फायदा दिया जाएगा।

70 साल से ज्यादा के सभी बुजुर्गों को आयुष्मान योजना में लाने का वादा किया गया है। साथ ही ट्रांसजेंडर्स को भी इस योजना के दायरे में लाया जाएगा।

# डीपीएस रानीपुर में किया मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम का आयोजन

हरिद्वार,संवाददाता। दिल्ली पब्लिक स्कूल रानीपुर में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के अंतर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्रधानाचार्य डा.अनुपम जग्गा ने स्वीप टीम सदस्यों ललित मोहन जोशी, धर्मवीर सिंह, मनोज धीमान, गोविन्द कुर्ल, रवि कुमार एवं लक्ष्मी मंमगाई का स्वागत करते हुए सभी से 19 अप्रैल को शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित लघु नाटिका का मंचन एवं छात्रा लोकतंत्र में वोट के महत्व को इंगित करते हुए भाषण प्रस्तुत किया गया। स्वीप टीम सदस्य ललित मोहन जोशी ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जनपद में वृहद स्तर पर मतदाता जागरूकता से संबंधित अनेक कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। उपस्थित लोगों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विभिन्न एप्स वोटर हेल्पलाइन एप, सक्षम एप, सी विजिल एप, केवाईसी एप आदि के संबंध में जानकारी दी गयी। छात्र छात्राओं एवं विद्यालय के शिक्षक कर्मचारियों को सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों से मतदाता जागरूकता अभियान संचालित होने के बारे में जानकारी दी गई जिसमें फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, यूट्यूब एवं कू एप मुख्य रूप से संचालित किये जा रहे हैं। प्रधानाचार्य डा.अनुपम जग्गा द्वारा सभी को मतदाता शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि मतदान करने के बाद हमें गर्व की अनुभूति होती है। यदि हम अपने इस अधिकार का प्रयोग नहीं करते तो हम एक बहुत बड़े अधिकार एवं कर्तव्य से वंचित रह जाते हैं। छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता की सुंदर एवं आकर्षक रंगोलिया निर्मित की गई।

# एसआरएचयू के छात्रों को मिलेगा पीएचडीसीसीआई का साथ

ऋषिकेश(संवाददाता)। एसआरएचयू के छात्र-छात्राओं को इंडस्ट्री ट्रेनिंग और करियर ग्रोथ में पीएचडी चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का सहयोग मिलेगा। इसके लिए दोनों संस्थानों के बीच विशेष एमओयू हुआ।

शुक्रवार को स्वामीराम हिमालयन विश्वविद्यालय जौलीग्रांट में कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें एसआरएचयू के कुलसचिव डॉ. मुकेश बिजल्वाण और पीएचडी चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारी निदेशक डॉ. रंजीत मेहता ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। कुलपति डॉ. राजेन्द्र डोभाल ने कहा कि इस एमओयू से पीएचडी चौंबर ऑफ कॉमर्स की विशेषज्ञता और संसाधनों का लाभ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को मिलेगा। इसके तहत सेमिनार, कार्यशाला और औद्योगिक प्रशिक्षणों के आयोजनों के माध्यम से छात्रों को उद्योग और शैक्षणिक जगत के बीच की दूरी को कम करने के अवसर मिलेंगे। पीएचडीसीसीआई के कार्यकारी निदेशक डॉ. रंजीत मेहता ने बताया कि पीएचडीसीसीआई पूरे देश में आईपीआर यात्रा आयोजित कर रही है, जिसका उद्देश्य बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस एमओयू के तहत एसआरएचयू में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस मौके पर कुलपति डॉ. राजेंद्र डोभाल, एसआरएचयू के महानिदेशक (शैक्षणिक विकास) डॉ. विजेंद्र चौहान, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अपूर्व त्रिवेदी, डॉ. बिंदु डे, डॉ. संचिता, डॉ. मोहित वर्मा, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. अजय दुबे, डॉ. गणेश, डॉ. जतिंदर सिंह, राजीव घई, हेमंत कोच्चर, विशाल काला आदि उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# नशा है घातक

नशा आज युवाओं के लिए घातक बनता जा रहा है। छोटी छोटी उम्र के बच्चे अपने को नशे के गर्त में धकेल रहे हैं, अपने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। नशा एक व्यक्ति के शारीरिक स्वास्थ्य पर असर कर सकता है। यह मस्तिष्क, गले, फेफड़े, पेट, अग्न्याशय, यकृत, हृदय और तंत्रिका तंत्र सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों को परेशान करता है। यह मतली, हृदय की समस्या, क्षतिग्रस्त यकृत, स्ट्रोक, फेफड़ों की बीमारी, वजन घटाने और यहां तक कि कैंसर जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। ड्रग एडिक्ट्स द्वारा एड्स को अनुबंधित करने का एक उच्च जोखिम है। ऐसा इसलिए है क्योंकि वे आमतौर पर दवाओं को इंजेक्ट करने के लिए सुइयों को साझा करते हैं। ड्रग्स के प्रभाव में रहते हुए ड्राइविंग करना या सड़क पर चलना जोखिम भरा हो सकता है। ऐसे व्यक्ति के साथ दुर्घटना होने की संभावना अधिक होती है। किसी व्यक्ति के मस्तिष्क पर नशे का गंभीर प्रभाव पड़ता है। ड्रग्स निर्णय लेने में बाधा डालते हैं और किसी व्यक्ति के मनोदैहिक कौशल को प्रभावित करते हैं। वे अवसाद, अल्जाइमर, अनिद्रा, चिंता, आचरण समस्याओं और मनोसामाजिक शिथिलता जैसे मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों का कारण बन सकते हैं। नशा करने वालों में आत्महत्या के विचार होते हैं और अक्सर आत्महत्या का प्रयास करते हैं। ड्रग की लत अजन्मे बच्चों को उच्च जोखिम में डाल सकती है। शराब के आदी गर्भवती महिलाएं भ्रूण को नुकसान पहुंचा सकती हैं। अजन्मे शिशुओं में जन्म दोष और मानसिक और शारीरिक दोनों तरह की असामान्यताएं विकसित होने की संभावना होती है। नशा करने से समय से पहले जन्म भी हो सकता है। कुछ बच्चे जीवन में बाद में भी व्यवहार संबंधी मुद्दों को प्रदर्शित करते हैं। बच्चे की योजना बनाने से पहले नशीली दवाओं की लत से छुटकारा पाने की अत्यधिक सिफारिश की जाती है। दवाओं की नियमित खुराक के कारण किसी व्यक्ति का संपूर्ण स्वास्थ्य बेहद कमजोर हो जाता है।

# टूथब्रश खरीदते समय इन बातों का रखें खास ध्यान, दांतों को नहीं होगा कोई नुकसान



टूथब्रश मौखिक स्वच्छता का आधार है, लेकिन इसका चयन अधिकतर लोग गलत तरीके से करते हैं। दरअसल, टूथब्रश खरीदने से पहले उसकी सामग्री, डिजाइन और सुविधाओं को ध्यान में रखना जरूरी है ताकि उसके इस्तेमाल से दांतों और मसूड़ों को किसी तरह का नुकसान न पहुंचे। आइए आज हम आपको पांच ऐसी बातें बताते हैं, जिन्हें ध्यान में रखकर टूथब्रश करना ही मुंह के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।

**टूथब्रश के ब्रिसल्स की सामग्री और बनावट पर दें ध्यान**

अधिकतर टूथब्रश नायलॉन से बने होते हैं, लेकिन सुनिश्चित करें कि उनके ब्रिसल्स सॉफ्ट हों क्योंकि टाइट ब्रिसल्स से मसूड़ों को नुकसान पहुंच सकता है। वहीं, आकार की बात करें तो क्रिस-क्रॉस एक्शन और स्ट्रेट डिजाइन जैसे विकल्पों को चुनें। वैसे आजकल टूथब्रश बिसल्स में एक्टिवेटिड चारकोल जैसी सामग्री भी आ रही है, लेकिन आप वहीं टूथब्रश चुनें, जो सॉफ्ट हों।

विशेषज्ञों के मुताबिक, टूथब्रश खरीदते समय उसके हेड पर भी ध्यान देना चाहिए। हमेशा ऐसा टूथब्रश खरीदना चाहिए, जिसका हेड छोटा और चिकना हो। अगर ब्रश का हेड छोटा होगा तो ये आसानी से आपके पीछे के दांतों को साफ करेगा। इसके अलावा, ब्रश खरीदते समय ध्यान रखें कि ब्रश का हैंडल भी देखें और यह अच्छी पकड़ वाला होना चाहिए ताकि ब्रश करते समय यह हाथ से न फिसलें।

**अतिरिक्त सुविधाएं भी हैं जरूरी**

आजकल मार्केट कई ऐसे टूथब्रश आ गए हैं, जिनसे आपको अतिरिक्त सुविधाएं मिल सकती हैं, इसलिए उन पर भी थोड़ा ध्यान दें। इन दिनों ऐसे टूथब्रश आसानी से उपलब्ध हैं, जो आपके मसूड़ों और जीभ को साफ करने में मदद करते हैं। वहीं, संवेदनशील दांतों के लिए, मुलायम ब्रिसल्स वाला ब्रश चुनना सुनिश्चित करें और ब्रश को दांतों पर बहुत कम या अधिक दबाव के साथ न रखें।

**ब्रश करने का सही तरीका**

अक्सर लोग इस बात से वाकिफ नहीं होते कि टूथब्रश करने का सही तरीका क्या है और समस्या की शुरुआत यहीं से होती है। सही तरीके से ब्रश करने के लिए अपने मुंह को चार हिस्सों में विभाजित करें और प्रत्येक हिस्से के हर कोने में कम से कम 30 सेकंड तक ब्रश करें। इसके अलावा, अपनी जीभ को भी जरूर साफ करें क्योंकि जीभ के कोनों और दरारों में कीटाणु पनप सकते हैं।

# प्रकृति से होने वाली समस्त प्रवृत्तियों का प्रेरक व अधिष्ठाता परमात्मा

**-अशोक "प्रवृद्ध"**

इस दृश्यमान जगत अर्थात इस लोक में देखने में यह आता है कि तन्तुवाय अथवा तक्षा घट, पट, पीढ़ी आदि बनाने की इच्छा होने पर कुंभकार पहले सामग्री लेकर कहीं पर बैठ जाता है, और फिर घड़ा आदि पात्र का निर्माण करता है। ऐसे में मन में प्रश्न उत्पन्न होता है कि लोक में व्यवहार में दिखाई देने की भांति ही सृष्टि निर्माण हेतु ईश्वर के भी होने चाहिए। फिर मन में प्रश्न उत्पन्न होता है कि उस परमात्मा का बैठने का स्थान अर्थात अधिष्ठान कौन सा था? जगत बनाने के लिए आरंभ करने की सामग्री कौन सी थी? जगत निर्माण की क्रिया कैसी थी? जिस काल में सर्वद्रष्टा विश्वकर्मा सर्वकर्त्ता परमात्मा भूमि को और द्युलोक को उत्पन्न करता हुआ अपने महत्व से सम्पूर्ण जगत को आच्छादित करता है। उस समय इसके समीप कौन सी सामग्री और अधिष्ठान था? लोक में लोगों के वन में से वृक्ष काटकर अनेक प्रकार के भवन आदि बना लेने को देखकर भी मन में ऐसा प्रश्न उत्पन्न होता है कि ईश्वर के निकट कौन सा वन है? सृष्टि के आदिकाल में कौन सा वन था ? कौन सा वह वृक्ष था, जिस वन और वृक्ष से द्यावापृथ्वी अर्थात द्युलोक और पृथ्वी को काटकर वह इतना शोभित बनाता है, सम्पूर्ण जगत को पकड़े हुए वह जिसके ऊपर स्थित है? ऐसा एक जगत बनाने की सामग्री कौन सी है? और सबको बनाकर एवं पकड़े हुए वह कैसे खड़ा है? ऐसी सामान्य लगने वाली प्रश्नों का कोई तथ्यपूर्ण उत्तर हमारे पास नहीं है, लेकिन मन में उठते इन प्रश्नों का उत्तर वेद में स्वयं परमात्मा देता हुआ कहता है-

**विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतोमुखो**
**विश्वतोबाहुरुत विश्वत- स्पात।**
**सं बाहुभ्यां धमति**
**संपतत्रैर्द्यावाभूमी जनयन्देवएकः।।**
**-ऋग्वेद 10/83/3**

अर्थात- वह परमात्मा सर्वत्र जिसका नेत्र है, जो सब देख रहा है, सर्वत्र जिसका बाहु है और सर्वत्र जिसका पैर है, जो एक महान देव है, वह प्रथम बाहु से सब पदार्थ में गति देता है। तब पतनशील व्यापक परमाणुओं से द्यावाभूमि अर्थात द्युलोक और भूमि को उत्पन्न करता हुआ एक देव निराधार विद्यमान है।

परमात्मा के सर्वव्यापक होने के कारण उसके आधार का कोई प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता। जो एक देशीय होता है वह आधार की अपेक्षा करता है। इस दृश्यमान संसार में ईश्वर ऊपर, नीचे, चारों तरफ और अभ्यंतर पूर्ण है। इसलिए इसके आधार पर विचार करने का प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता। वैदिक मतानुसार पतत्र अर्थात पतनशील-अतिचंचल गतिमान पदार्थ सदैव ही विद्यमान रहता है। न वह कभी उत्पन्न हुआ, न होता, न होगा, वह शाश्वत पदार्थ है। उन्हीं पत्र में गति देकर अपनी निरीक्षण में यह सारी सृष्टि रचा करता है। इससे यह सिद्ध है कि परमात्मा इस जगत का निमित्त कारण है। जीवात्मा और प्रकृति भी नित्य अज वस्तु है। इन्हीं दोनों की सहायता से वह ब्रह्म सृष्टि रचा करता है। वैदिक मतानुसार जगत को बनाने वाली शक्ति का नाम परमात्मा है, जिसको ईश्वर, परमेश्वर, ब्रह्म आदि अनेक नामों से वेदों में संज्ञायित किया गया है। परमात्मा इस पृथ्वी, चाँद, सूरज आदि समस्त लोक-लोकान्तर रूप जगत को बनाने वाला है। वह जिस मूलतत्त्व से इस जगत को बनाता है, उसका नाम प्रकृति है। प्रकृति त्रिगुणात्मक कही जाती है। वे तीन गुण हैं- सत्व, रजस् और तमस्। इन तीन प्रकार के मूल तत्त्वों के लिए गुण पद का प्रयोग इसीलिए किया जाता है




कि ये तत्त्व आपस में गुणित होकर, एक-दूसरे में मिथुनीभूत होकर, परस्पर गुँथकर ही जगद्रूप में परिणत होते हैं। जगत की रचना पुण्यापुण्य, धर्माधर्म रूप शुभ-अशुभ कर्मों के करने और उनके फलों को भोगने के लिये की जाती है। इन कर्मों को करने और भोगने वाला एक और चेतन तत्त्व है, जिसको जीवात्मा कहा जाता है। ये तीनों पदार्थ अनादि हैं-ईश्वर, जीवात्मा और प्रकृति।

इस दृश्यमान जगत को देखने से इसका विकारी होना स्पष्ट होता है। जगत के अनादि-अनन्त एक रूप होने से यह नित्य माना जाना चाहिए। नित्य पदार्थ अपने रूप में कभी परिणामी या विकारी नहीं होता। परंतु जागतिक पदार्थों में प्रतिदिन परिणाम होते देखे जाते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि पृथ्व्यादि लोक-लोकान्तरों की दृश्यमान स्थिति अपरिणामिनी अथवा अविकारिणी नहीं है। इसमें परिणाम का निश्चय होने से यह सिद्ध है कि यह बना हुआ पदार्थ है, और इसके बना हुआ मानने से इसके बनाने वाले को भी मानना ही पड़ेगा। पृथ्व्यादि समस्त जगत जड़ पदार्थ है, चेतनाहीन। इसका मूल उपादान तत्त्व भी जड़ है। किसी भी जड़ पदार्थ में चेतन की प्रेरणा के बिना कोई क्रिया होना संभव नहीं। चेतना के सहयोग के बिना किसी जड़ पदार्थ में स्वतः प्रवृत्ति होती नहीं देखी जाती। और न इसके लिए कोई युक्ति है, न ही कोई दृष्टान्त उपलब्ध है। स्वचालित यन्त्रों का निर्माण तो प्रत्यक्ष देखा जाता है। उनको बनाने वाला शिल्पी उसमें ऐसी व्यवस्था रखता है, जिसे स्वचालित कहा जाता है। यन्त्र अपने-आप नहीं बन गया है, उसको बनाने वाला एक चेतन शिल्पी है। और उस यन्त्र की निगरानी व साज- संवार भी बराबर करनी पड़ती है, यह सब चेतन सहयोग सापेक्ष है। इसलिए यह समझना भूल है कि पृथ्व्यादि जगत अपने मूल उपादान तत्त्वों से चेतन निरपेक्ष रहता हुआ स्वतः परिणत हो जाता है। इसलिए जगत के बनाने वाले ईश्वर को मानना होगा।

यह सत्य है कि ईश्वर जगत को बनाने वाला अवश्य है, पर वह स्वयं जगत के रूप में परिणत नहीं होता। ईश्वर चेतन तत्व है, जगत जड़ पदार्थ है। चेतन का परिणाम जड़ अथवा जड़ का परिणाम चेतन होना संभव नहीं। चेतन स्वरूप से सर्वथा अपरिणामी तत्व है। और यह भी सत्य है कि न चेतन जड़ बनता है और न जड़ चेतन बनता है। चेतन सदा चेतन है, जड़ सदा जड़ है। इससे यह स्पष्ट होता है कि जड़ जगत जिस मूल तत्व का परिणाम है, वह जड़ होना चाहिए। इसलिए चेतन ईश्वर से अतिरिक्त एक मूल उपादान तत्त्व है, जिसका नाम प्रकृति है।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि सर्वशक्तिमान ईश्वर अपनी शक्ति से जगत को उत्पन्न करता है। यहां परमेश्वर की शक्ति प्रकृति है। सर्वशक्तिमान पद का अर्थ भी यही है कि जगत की रचना करने में ईश्वर को अन्य किसी कर्त्ता के सहयोग की अपेक्षा नहीं रहती। वह इस कार्य के लिए पूर्णतः शक्त है, अप्रतिम समर्थ है। फलस्वरूप यह जगत परिणाम प्रकृति का ही होता है। ईश्वर केवल इसका निमित्त, प्रेरयिता, नियन्ता व अधिष्ठाता है। यही सत्य स्वरूप प्रकृति सब जगत का मूल घर और स्थिति का स्थान है।

उल्लेखनीय है कि लोक में किसी रचना के हेतु तीन प्रकार के देखे जाते हैं। प्रत्येक कार्य का कोई बनाने वाला होता है, कुछ पदार्थ होते हैं, जिनसे वह कार्य बनाया जाता है, कुछ सहयोगी साधन होते हैं। पहला कारण निमित्त कहलाता है, दूसरा उपादान और तीसरा साधारण। संसार में कोई ऐसा कार्य संभव नहीं, जिसके ये तीन कारण नहीं है। इस दृश्यादृश्य जगत को कार्य माने जाने से उसके तीनों कारणों का होना आवश्यक है। इसमें जगत की रचना का निमित्त कारण ईश्वर, उपादान कारण प्रकृति तथा जीवों के कृत शुभाशुभ कर्म अथवा धर्माधर्म आदि साधारण कारण होते हैं। इसलिए ये तीनों पदार्थ अनादि हैं। पुनः ध्यातव्य है कि ब्रह्म के अपने से जगत को बनाने से उसे विकारी या परिणामी होना चाहिए। ब्रह्म चेतन तत्त्व है, चेतन कभी विकारी नहीं होता। चेतन ब्रह्म का परिणाम जगत जड़ नहीं हो सकता, क्योंकि कारण के विशेष गुण कार्य में अवश्य आते हैं। या तो जगत भी चेतन होता, या फिर कार्य जड़-जगत के अनुसार उपादान कारण ईश्वर या ब्रह्म को भी जड़ मानना पड़ता, पर न जगत चेतन है, और न ईश्वर जड़, इसलिए ईश्वर को जगत का उपादान कारण नहीं माना जा सकता। समस्त विश्व परिणाम प्रकृति का ही है, प्रकृति से होने वाली समस्त प्रवृत्तियों का प्रेरक व अधिष्ठाता परमात्मा रहता है। वह स्वयं विश्व के रूप में परिणत नहीं होता, इसलिए वह विश्व का केवल निमित्त कारण है, उपादान कारण नहीं हो सकता।

# जनता की सेवा के लिए राजनीति में आए हैं-वीरेंद्र रावत

हरिद्वार,संवाददाता। प्रैस क्लब में आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरिद्वार लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र रावत ने कहा कि केंद्र सरकार का दस वर्ष का कार्यकाल निराशाजनक रहा है। युवाओं को प्रतिवर्ष दो करोड़ रोजगार देने और महंगाई खत्म करने का वादा कर सत्ता में आयी मोदी सरकार अपने किसी वादे पर खरी नहीं उतर पायी है। दस वर्षों में देश में महंगाई और बेरोजगारी लगातार बढ़ी है। बड़ी संख्या में युवा आबादी बेरोजगार बैठी है। महंगाई लगातर बढ़ रही है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग महंगाई का दंश झेल रहा है। राज्य के संसाधनों पर बाहरी लोगों का दबदबा बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि वे 72 सूत्रीय विकास का एजेंडा लेकर जनता के बीच वोट अपील कर रहे हैं। वीरेंद्र रावत ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की निकासी के समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे। अपने पिता और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के मुख्यमंत्री काल में कराए गए विकास कार्यों पर भी उन्होंने बात रखते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के काल में जनपद में 17 पुलों के निर्माण सहित तमाम विकास कार्यो को भी गति प्रदान की गयी। वीरेंद्र रावत ने बताया कि वह जनता की सेवा के लिए राजनीति में आए हैं। दिल्ली में एनएसयूआई छात्र संगठन से राजनीति शुरू करते हुए कांग्रेस में विभिन्न पदों पर रहकर जनता के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

वीरेंद्र रावत ने कहा कि अंकिता हत्यांकाड में अब तक मृतका के परिजनों को सरकार न्याय नही दिला पायी है। वीआईपी का नाम भी उजागर नहीं किया गया। प्रैस क्लब अध्यक्ष अमित कुमार शर्मा व महामंत्री प्रदीप जोशी ने बुके देकर वीरेंद्र रावत का स्वागत किया। इस दौरान ऋषिवादी कर्मशील यंग परमार्थी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश कुमार कश्यप के संयोजन में कांग्रेस प्रत्याशी को अपना समर्थन प्रदान करते हुए जनता से वोट की अपील की। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राव आफाक अली, अंजू द्विवेदी, सुशील राठी, समर्थ अग्रवाल आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चारधाम के कपाट खुलने की तिथियां एवं समय हुआ निश्चित -10 मई अक्षय तृतीया पर खुलेंगे यमुनोत्री धाम के कपाट

उत्तरकाशी/( संवाददाता )। उत्तराखंड चार धाम में प्रतिष्ठित यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि एवं समय आज यमुना जयंती के अवसर पर मां यमुना के शीतकालीन प्रवास खरशाली ( खुशीमठ) मे यमुनोत्री मंदिर समिति एवं यमुनोत्री तीर्थपुरोहित समाज की बैठक में पंचाग गणना पश्चात घोषित हो गई है।पंचाग गणनानुसार श्री यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर 10 मई को रोहिणी नक्षत्र में दिन 10 बजकर 29 मिनट पर खुलेंगे।



श्री बदरीनाथ, केदारनाथ गंगोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि एवं समय पहले घोषित हो चुका है अब चारों धामों की कपाट खलने की तिथि एवं समय घोषित होने के बाद पर्यटन विभाग जल्द तीर्थयात्रियों के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर सकता है।आज यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि तय करने के अवसर पर पुजारी मनमोहन उनियाल, पुरोहित महासभा अध्यक्ष पुरुषोत्तम उनियाल, पवन उनियाल,संदीप शास्त्री, कृतेश्वर उनियाल, भागेश्वर उनियाल, खिलानंद उनियाल एवं यमुनोत्री मंदिर समिति के पदाधिकारी सदस्य, तीर्थ पुरोहित मौजूद रहे।

यमुना जी की उत्सव डोली प्रस्थान कार्यक्रम के तहत मां यमुना की उत्सव डोली शीतकालीन प्रवास खरशाली गांव ( खुशीमठ) से अक्षय तृतीया 10 मई को सुबह 6 बजकर 15 मिनट पर यमुनोत्री धाम के लिए रवाना होगी उसके बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना पश्चात पूर्वाह्न 10 बजकर 29 मिनट पर मां यमुना मंदिर के कपाट श्रद्धालुजनों के दर्शनार्थ खुल जायेंगे। मां यमुना जी की उत्सव डोली के साथ यमुना जी के भाई शनिदेव महाराज उन्हें विदा करने के यमुनोत्री धाम जायेंगे। उधर बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस यात्रा वर्ष श्री बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को सुबह 6 बजे, श्री केदारनाथ धाम के कपाट 10 मई प्रातरू 7 बजे तथा श्री गंगोत्री धाम के कपाट 10 मई अक्षय तृतीया को दोपहर 12 बजकर 25 मिनट पर खुलेंगे।द्वितीय केदार श्री मदमहेश्वरजी के कपाट20मई तथा तृतीय केदार तुंगनाथ जी के कपाट 10 मई तथा पंच बदरी में प्रसिद्ध भविष्य बदरी के कपाट 12 मई को खुल रहे है।

# नैनीताल में उमड़ा पर्यटकों का सैलाब, यातायात व्यवस्था चरमराई

नैनीताल ( संवाददाता )। सरोवर नगरी में वीकेंड पर सैलानी उमड़े तो यहां होटल व गेस्ट हाउस के साथ वाहनों से पार्किंग स्थल भी पैक हो गए। रविवार को पर्यटक वाहनों की भीड़ से यातायात व्यवस्था चरमराने से यहां माल रोड समेत अन्य सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए।जाम का आलम यह रहा कि पांच मिनट का माल रोड का सफर आधे घंटे से भी अधिक समय में बमुश्किल पूरा हुआ। इस दौरान मल्लीताल से लेकर बारापत्थर तक वाहनों की लंबी कतार लगी रही जबकि दुपहिया वाहनों के सैकड़ों की संख्या में बेरोकटोक आवागमन से यातायात व्यवस्था में व्यवधान पैदा हुआ। वीवीआइपी ड्यूटी में हल्द्वानी गए पुलिस कर्मियों की वजह से यहां यातायात व्यवस्था को संभालने के लिए चंद पुलिस कर्मी घंटों तक जूझते नजर आए। शनिवार से यहां भारी संख्या में सैलानी उमड ने लगे थे। भीड़ बढ़ने से नगर के अधिकांश होटल सुबह ही पैक हो गए। दोपहर तक नगर के दूरदराज के होटल, होमस्टे व गेस्ट हाउस भी भर गए। इस बीच पार्किंग व होटलों की तलाश में पर्यटक वाहन रेंगते रहे और नगर के आंतरिक मार्गो में जाम लगता रहा। यहां लोअर मालरोड, स्नोव्यू मार्ग, बारापत्थर मार्ग, नारायण नगर से बारापत्थर व भवाली मार्ग पर घड़ी घड़ी जाम लगने से स्थानीय लोग भी परेशान रहे। संकरी सड़कों में लगे जाम को खुलवाने में पुलिस कर्मियों को भारी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान दुपहिया वाहनों के बड़ी संख्या में पहुंचने से नगर के सभी मार्ग वाहनों से पट गए।

# मोदी सरकार ने रामलला के लिए चांदी का स्पेशल रंगीन सिक्का जारी किया

नई दिल्ली । इस साल की शुरुआत में 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक कार्यक्रम संपन्न हुआ. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने इस महत्वपूर्ण अवसर को चिह्नित करने के लिए जनता के लिए रामलला चांदी का सिक्का, राम मंदिर चांदी का सिक्का, अयोध्या, राम मंदिर, 50 ग्राम का चांदी का सिक्का जारी किया है. यह विशेष सिक्का सीमित समय के लिए उपलब्ध है और इसकी कीमत 5,860 रुपये रखी गई है. फरवरी में, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तीन सिक्कों का अनावरण किया, जिनमें से एक पर रामलला और अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर की छवि अंकित है.

50 ग्राम के इस चांदी के सिक्कों को आप www.indiagaævtmint.in से खरीद सकते हैं. इसकी कीमत 5,699 रुपये है. हालांकि अभी वेबसाइट इस सिक्के का स्टॉक खत्म हो गया है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी को श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की अध्यक्षता की. यह भारत के सांस्कृतिक और धार्मिक परिदृश्य में एक ऐतिहासिक क्षण था और मंदिर निर्माण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ. रामलला को अयोध्या के भव्य मंदिर में विराजमान हुए कुछ ही दिन हुए हैं और लाखों भक्तों ने दर्शन किए हैं. उद्घाटन के अगले दिन से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है.

# ईद की मुबारकवाद देने गुज्जरबस्ती पहुंचे भाजपा नेता

हरिद्वार । भाजपा के कई नेताओं ने गैंडीखाता की गुर्जर बस्ती में जाकर लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान गुर्जर बस्ती के लोगों ने उनके सामने भूमिधरी के मालिकाना हक की समस्या रखी। भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में युवा नेता तरुण चौधरी, अनिरुद्ध मौतला, राज ऋषि, पूर्व चेयरमैन सुशील चौधरी गैंडीखाता के प्रधान और पार्टी कार्यकर्ता मोहम्मद सफी लोधा के आवास पर पहुंचे। उन्होंने अल्पसंख्यक मंडल अध्यक्ष मन्ना लोधा, नजर हुसैन, बाबू खटाना, नूर भड़ाना, नूर मोहम्मद, सद्दाम, यासीन आदि से गले मिलकर ईद की मुबारकवाद दी।

# आध्यात्मिक ज्ञान सम्पदा का सर्वोच्च शिखर है भारत: डॉ. पण्ड्या

हरिद्वार,संवाददाता । देव संस्कृति विश्वविद्यालय में आयोजित योग महोत्सव में मुख्य अतिथि उत्तराखंड संस्कृत विवि के कुलपति प्रो. दिनेश चन्द्र शास्त्री ने कहा कि योग का अर्थ है अनुशासन। अपने जीवन में अनुशासन को लाना ही योग है। उन्होंने कहा कि चित्त की बाह्यमुखी और अंतर्मुखी ये दो वृत्तियां होती हैं। इन दोनों पर नियंत्रण करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि एकाग्रता अत्यंत आवश्यक है, जब हम एकाग्र होते हैं, तभी परम सुख की अनुभूति होती है।

देव संस्कृति विवि के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि हमारा मूल भाव बाहरी शरीर में नहीं, इसके अंदर प्रवाहित हो रही भाव चेतना, प्राण चेतना में है। उस प्राण को पोषण देने का कार्य योग करता है। कहा कि जिसने अपने अंदर के कर्म शुद्ध कर लिया और मन को शांत कर लिया, वही बाहर की परिस्थितियों को सही करने की भी क्षमता रखता है। योग मात्र बीमारियां ठीक नहीं करता, बल्कि परम शांति भी प्रदान करता है। इसलिए भारत को आध्यात्मिक ज्ञान संपदा का सर्वोच्च शिखर कहते हैं। इससे पहले डॉ. चिन्मय पण्ड्या और प्रो. दिनेश चन्द्र शास्त्री ने दीप जलाकर इसका शुभारंभ किया गया।

# मासूम की बरामदगी को लेकर मेरठ में पुलिस टीमों ने डाला डेरा

हरिद्वार । हरिद्वार पुलिस ने हरकी पैड़ी क्षेत्र से एक साल के बच्चे की बरामदगी के लिए मेरठ में डेरा डाल लिया है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर पुलिस टीमें मेरठ पहुंची हैं लेकिन अभी कोई अहम सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही मासूम को बरामद कर लिया जाएगा।

हरकी पैड़ी से सटे नाईघाट से मंगलवार को लालजी वाला बस्ती में रहने वाले छोटू दास का एक साल का बेटा अंकुश गायब हो गया था। इस दौरान छोटू दास की पत्नी नीतू उसे बेटी के पास छोड़कर खाना लेने गई थी। चंद मिनट जब वह वापस लौटी तो बच्चा गायब था। उसकी बेटी ने किसी व्यक्ति के उसे अपनी गोद में उठाकर ले जाने की बात बताई थी।

# सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने की राज्यपाल से मुलाकात



देहरादून(संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को राजभवन में सीडीएस (चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ) जनरल अनिल चौहान ने मुलाकात की। राज्यपाल ने सीडीएस से उत्तराखण्ड में सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों हेतु ईसीएचएस और सीएसडी सुविधाओं के विस्तार किए जाने सहित राज्य में सैन्य कल्याण से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। इस अवसर पर राज्यपाल से सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने राष्ट्रीय सुरक्षा, सैनिक एवं पूर्व कल्याण और विभिन्न सुरक्षा मुद्दों पर व्यापक चर्चा की।

## उत्तराचंल युवा फेस्ट में रसियन डीजे ने मचाया धमाल

देहरादून (संवाददाता)। उत्तराचंल विश्वविद्यालय में आयोजित उत्तराचंल युवा फेस्ट में शुक्रवार को देशी विदेशी गीत संगीत की धूम रही। जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय डीजे जुलिया ब्लिस व जाने माने स्ट्रीट जैमर्स बैंड ने जमकर धमाल मचाया। इसके अलावा उत्तराखंडी सहित कई देशों के पारंपरिक गीतों व नृत्य पर भी छात्र जमकर थिरके।कार्यक्रम की शुरुआत स्ट्रीट जैमर्स बैंड की प्रस्तुति से हुई। अपने सुफियाना अंदाज के लिए विख्यात विजय जैमर्स के मंच पर आते ही छात्र उनके नाम के नारे लगाने लगे। विजय के फैमस गीत दिल है कोई खिलौना नहीं के बाद, मैदान वंस मोर की डिमाण्ड से भर उठा। उन्होंने एक के बाद एक कई प्रस्तुतियां दीं। इसके बाद डीजे जुलिया के संगीत और हिप हॉप ने जमकर धमाल मचाया। उनके साथ देशी और विदेशी छात्र खूब थिरके।उत्तराचंल युवा फेस्ट इसके अलावा गढ़वाली, कुमाऊंनी, जौनसारी, राजस्थानी, पंजाबी के साथ नार्थ ईस्ट व साउथ के छात्रों की प्रस्तुतियां भी आकर्षक रहीं। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलाधि पति जितेन्द्र जोशी ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों और विदेशी छात्रों की अद्भुत प्रस्तुतियों ने विभिन्न संस्कृतियों के दर्शन कराए। ये छात्रों के चहुंमुखी विकास में मददगार होगा। कार्यक्रम संयोजक डा. राजेश बहुगुणा ने बताया कि शनिवार को बालीवुड गायिका नेहा कक्कड व रोहनप्रीत सिंह अपनी लाईव प्रस्तुति देंगे।

इस दौरान उप कुलाधिपति अंकिता जोशी, विवि संचालक समिति की उपाध्यक्ष अनुराधा जोशी, कार्यकारी निदेशक, डा. अभिषेक जोशी व कुलपति डा. धर्म बुद्धि सहित कई लोग मौजूद रहे।

## लफड़ा वन पंचायत के जंगल में आग लगी

चम्पावत । क्वैराला घाटी के जंगल में आग लगने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। लफड़ा वन पंचायत का जंगल एक बार फिर आग से सुलग उठा। आग से बहुमूल्य वन संपदा को नुकसान पहुंचा है। में एक बार फिर आग लग गई। इससे जंगल को काफी नुकसान पहुंचा। सरपंच कैलाश तड़ागी, कमल बिष्ट, लक्ष्मण राम ने बताया कि वन पंचायत में २५० से अधिक रीठा के पौधे लगाए थे। आग लगने से रीठे का प्लांट जल कर खाक हो गया। इसके अलावा अन्य वन संपदा को खासा नुकसान पहुंचा।

उन्होंने बताया कि एक सप्ताह पूर्व भी वन पंचायत का जंगल आग की चपेट में आ गया था। आग से बड़ी संख्या में कीट, पतंगे और सरीसृप जीवों की भी मौत हो गई। बाद में वन विभाग की टीम ने जंगल का मुआयना किया। वन दरोगा संजय त्रिपाठी व आनंद जोशी ने बताया कि ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर वनाग्नि पर काबू पाया।

## चुनाव बहिष्कार के बजाय नोटा का करें प्रयोग

बागेश्वर (संवाददाता)।चुनाव बहिष्कार करने वाले गांव के लोगों से मतदान में भाग लेने के लिए स्वीप की टीम गांव-गांव पहुंच रही है। अभी तक टीम ने हाम्टी कापड़ी व बैसानी के गांव के लोगों को मना लिया है। उनके साथ उन विभागों के अधिकारी भी पहुंच रहे हैं, जिस विभाग की समस्या का समाधान नहीं होने के कारण ग्रामीण चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दे रहे हैं।

टीम चुनाव बहिष्कार के बजाए नोटा दबाने की भी अपील कर रही है। मालूम हो कि पिछले लोकसभा चुनाव में बाछम गांव ने लोकसभा चुनाव का पूर्ण बहिष्कार किया। यहां बने दो बूथों में एक भी मतदान नहीं हुआ। इसके अलावा भी कई गांव के लोगों ने चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी थी। वहां मतदान प्रतिशत में कमी आई।

इस कारण पूरे जिले में मतदान प्रतिशत में कमी आई है। इस बार चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। स्वीप की टीम गांव-गांव जाकर शत-प्रतिशत मतदान की अपील कर रही है। झोड़ा, चाचरी, पपेट शो तथा अन्य माध्यमों से लोगों को जागरूक भी कर रही है। इसके अलावा उन गांवों में टीम जा रही है जो मूलभूत समस्याओं को लेकर चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दे चुके हैं।

टीम गांव में उन अधिकारियों को भी ले जा रहे हैं जिन विभागों से संबंधित समस्या से ग्रामीण जूझ रहे हैं। अधिकारी उन्हें चुनाव के बाद समस्या के समाधान का आश्वासन दे रहे हैं। इसके बावजूद भी जो लोग नहीं मान रहे हैं उन्हें टीम मतदान में भाग लेने तथा कम से कम नोटा में अपने मत का प्रयोग करने की अपील कर रहे हैं, ताकि मतदान प्रतिशत में किसी तरह की कमी न रहे।

प्रवासियों को भी मतदान में भाग लेने का न्यौता दे रहे हैं।

## 21 वनाग्नि की घटनाओं में डेढ़ हेक्टेयर जंगल राख

पौड़ी ।गर्मी बढ़ते की जंगलों में आग की घटनाएं भी बढ़ने लगी है। अभी तक सिविल एवं सोयम वन प्रभाग पौड़ी के तहत आने वाली ६ रेंजों में २१ वनाग्नि की घटनाएं हो चुकी हैं। जिसमें १.५० हेक्टेयर जंगल आग की भेंट चढ़ चुका है। सिविल एवं सोयम वन प्रभाग के डीएफओ प्रदीप कुमार धोलाखंडी ने बताया कि वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए ६ रेंजों में ३१ क्रू स्टेशन बनाए गए हैं। जहां पर भी वनाग्नि की घटनाएं सामने आ रही है, वहां पर टीम को मौके पर भेजकर आग की घटनाओं पर अंकुश लगाने का काम किया जा रहा है। बताया कि इस साल बारिश कम होने से वनों में नमी बहुत कम है। तापमान बढ़ने से वनाग्नि की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। वन विभाग की टीम सीमित संसाधनों से वनाग्नि नियंत्रण के लिए पूरा प्रयास कर रही है। लगातार जागरूकता अभियान के साथ ही लोगों को मुनादी कर जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने सभी से जंगलों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए सहयोग करने की अपील की है। कहा कि वनों में आग लगाने वाले असामाजिक तत्वों की जानकारी विभाग को दे।

## मां के कूष्मांडा रूप का किया पूजन

पौड़ी ।नवरात्रि के चौथे दिन भुवनेश्वरी सिद्ध पीठ में मां के कूष्मांडा रूप का पूजन दैनिक पूजन चंडी पाठ किया गया। इस दौरान भजन प्रतियोगिता में कठूड़, बुरांशी, पोखरी आदि टीमों ने हिस्सा लिया। मंदिर में आयोजित राम कथा में आचार्य हरीश ममगांई ने कहा कि श्रीराम के जीवन में कई कठिनाइयां आई लेकिन उन्होंने सदैव मर्यादा का पालन किया और हम सभी के आदर्श बने। हम सबको भी उनका अनुसरण करके उनके पदचिह्नों पर चलना होगा। इस मौके पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिगंबर जुयाल, आचार्य नवीन ममगांई आदि शामिल रहे।

## स्वच्छ छवि के प्रत्याशी को चुने मतदाता

पौड़ी ।उत्तराखंड समानता पार्टी ने अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीके बहुगुणा ने कहा कि धन बल की राजनीति खत्म होनी चाहिए। कहा कि उनकी पार्टी भ्रष्टाचार और कुशासन के खिलाफ आवाज उठाएगी। उन्होंने मतदाताओं से स्वच्छ छवि के प्रत्याशी को वोट देने की भी अपील की।शुक्रवार को उत्तराखंड समानता पार्टी द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीके बहुगुणा ने १९ सूत्रीय चुनावी घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि उत्तराखंड में स्वच्छ राजनीति को लेकर प्रयास किए जा रहे है। पार्टी की ओर से हरिद्वार लोकसभा सीट से बलवीर सिंह भंडारी और गढ़वाल सीट से विनोद कुमार शर्मा चुनाव मैदान में है। प्रेसवार्ता में लोकेंद्र प्रसाद नौटियाल, महेंद्र प्रताप सिंह, विवेक शर्मा, प्रदीप सिंह बिष्ट, सीएस नेगी, प्रवीण थपलियाल, टीएस नेगी, विक्रम सिंह, आरपी जोशी, नेहा चौहान, सोनाली पंत आदि मौजूद रहे।

## गणेश गोदियाल को दिया समर्थन

पौड़ी ।सीटू, इंटक, एटक आदि संगठनों ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी गणेश गोदियाल को समर्थन दिया है। आरोप लगाया कि श्रम कानूनों को समाप्त करने वाली केंद्र सरकार के खिलाफ लोगों में गुस्सा बना है। शुक्रवार को सीटू कार्यालय में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि केंद्र सरकार कारपोरेट के लिए काम कर रही है। उन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ सभी से एकजुट होने की अपील की। जिला महामंत्री देवानंद नौटियाल ने कहा कि अच्छे दिनों का सपना दिखाने वाली केंद्र सरकार जनता को ठगने का काम कर रही है। कहा कि श्रम विरोधी नीतियों को लाने वाली सरकार से लोग परेशान है। कहा कि कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल नहीं की जा रही है। श्रम कानूनों को समाप्त किया जा रहा है। आंगनबाड़ी, आशा, भोजनमाता, ग्राम प्रहरी, उपनल, पीआरडी जवानों की एक भी मांग पूरी नहीं की गई है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी गणेश गोदियाल को समर्थन देकर उनको भारी मतों से जीताने का काम किया जाएगा। बैठक में टीका प्रसाद पोखरियाल, महावीर सिंह रावत, ऋषि कुमार, कुंदन सिंह, सरोज आदि शामिल रहे।

## गांजे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

पौड़ी ।थलीसैंण पुलिस ने चेकिंग के दौरान उफरैखाल में १६ किलो अवैध गांजा बरामद किया है। साथ ही इस मामले में एनडीपीएस ऐक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। लोकसभा चुनावों को लेकर एसएसपी के निर्देशों पर सभी थानों में पुलिस अवैध नशे के कारोबार को लेकर चेकिंग में जुटी है। थलीसैंण के थाना प्रभारी सुनील पंवार ने बताया कि पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान उफरैखाल तिराह पर आरोपी भगत सिंह निवासी मनियार से १६ किलो अवैध गांजा बरामद किया। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस टीम में एसआई रीना वर्मा, रिंकू व हर्षपाल सिंह शामिल रहे।

## एफएसटी और एसएसटी रखे प्रचार के खर्चों पर नजर

पौड़ी ।व्यय प्रेक्षक उमाशंकर प्रसाद ने पौड़ी में बैठक लेते हुए एफएसटी और एसएसटी को मुफ्त उपहार, सामग्री वितरण या किसी भी तरह के प्रलोभन देने की कोशिश करने के मामलों पर नजर रखने को कहा। बैठक में प्रेक्षक ने सभी प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि ऊपरी खर्च सीमा का ध्यान रखते हुए खर्च के विवरण का पारदर्शिता के साथ रिकार्ड रखें। चुनाव प्रचार के दौरान वोटर को लुभाने के लिए प्रलोभन न दिया जाए। निगरानी दल वैवाहिक समारोह एवं सामुदायिक गतिविधियों के साथ-साथ स्वयं सहायता समूह और गैर सरकारी संगठनों की तलाशी के साथ ही निगरानी कर रहे हैं। चुनाव से संबंधित शिकायतों को कॉल सेंटर या सी-विजिल एप के माध्यम के साथ ही सीधे उनके मोबाइल पर भी की जा सकती है। सहायक प्रेक्षकों को निर्देश दिए कि अब प्रचार-प्रसार अधिक बढ़ेगा लिहाजा सतर्कता बरती जाए।

# बच्चों के दिमाग़ को खोंखला कर रहा मोबाइल, जानें कैसे बदलता है व्यवहार

आजकल के समय में देखने को



मिलता हैं कि बच्चा अपना अधिकतर समय मोबाइल में गुजारता हैं। बड़े भी बच्चों से कुछ समय के लिए छुटकारा पाने के लिए उनके हाथ में मोबाइल थमा देते हैं। आजकल स्मार्टफोन तो बच्चों का खिलौना हो गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बच्चों की मोबाइल का ज्यादा उपयोग करने की यह आदत उनके व्यवहार को बहुत नुकसान पहुंचा रही हैं। बच्चे के विकास पर मोबाइल और सोशल मीडिया का बुरा असर पड़ता है। आज इस कड़ी में हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह मोबाइल और सोशल मीडिया बच्चों के व्यवहार को प्रभावित कर रहा हैं।

### मानसिक बदलाव

आजकल बच्चे घंटों फोन पर आंख लगाए गेम्स खेलते रहते हैं। अगर कुछ समय के लिए उनसे फोन ले लिया जाए तो उनमें गुस्से और चिड़चिड़ापन दिखना आम बात हो गई है। सोशल मीडिया की यह लत उनमें आने वाले मानसिक बदलाव की निशानी मानी जा सकती है। सोशल मीडिया इतना बड़ा है कि बच्चा कहां, कब और कैसे क्या जानकारी ले रहा है, आप उस पर कंट्रोल नहीं रख सकते हैं। ऐसी स्थितियां बच्चों को अश्लील, या हानिकारक वेबसाइटों तक पहुंचा सकती हैं, जो उनकी सोचने की प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती हैं।

### पल-पल मूड बदलना

आजकल ज़्यादातर बच्चों को मूड स्विंग की समस्या रहती है। ये पल भर में खुश, तो दूसरे ही पल चिड़चिड़े व मायूस हो जाते हैं। दरअसल, मूड स्विंग का एक बहुत बड़ा कारण मोबाइल का अधिक इस्तेमाल है। जो बच्चे स्मार्टफोन पर हमेशा अलग-अलग तरह की एप्लिकेशन ट्राई करने में बिज़ी रहते हैं, उन्हें इस तरह की समस्या ज़्यादा होती है।

### डिप्रेशन का मुख्य कारण

इंटरनेट का ज्यादा प्रयोग करने वाले लोगों में डिप्रेशन (अवसाद) की चपेट में आने का खतरा सबसे ज़्यादा होता है। यह समस्या विद्यार्थियों और किशोरों में अधिक पाई जाती है। ऐसे लोगों में बेचैनी की समस्या और अपने दैनिक कार्यों को अच्छे से न निपटने जैसी समस्याएं देखने को मिलती हैं। छोटी उम्र में बच्चे अच्छे और बुरे में फर्क नहीं कर पाते हैं और सोशल मीडिया आसानी से उनकी सोच और व्यवहार को बदल सकता है।

### लर्निंग डिसैब्लिटी

दिनोंदिन हाईटेक होती टेक्नोलॉजी और उसकी आसान उपलब्धता के कारण बच्चों के पढ़ने का तरीका भी बदल गया है। अब वे हमारी और आपकी तरह पढ़ने के लिए दिमाग़ ज़्यादा खर्च नहीं करते, क्योंकि इंटरनेट के कारण एक क्लिक पर ही उन्हें सारी जानकारी मिल जाती है, तो उन्हें कुछ भी याद रखने की ज़रूरत नहीं पड़ती। मैथ्स के कठिन से कठिन सवाल को मोबाइल, जो अब मिनी कॉम्प्यूटर बन गया है कि मदद से सॉल्व कर देते हैं। अब उन्हें रफ पेपर पर गुणा-भाग करने की ज़रूरत नहीं पड़ती, इसका नतीज़ा ये हो रहा है कि बच्चे नॉर्मल तरीके से पढ़ना भूल गए हैं। साधारण-सी कैलकुलेशन भी वो बिना कैलकुलेटर के नहीं कर पाते।

### आक्रामक व्यवहार

बच्चों के हाथ में मोबाइल होने के कारण उनका दिमाग़ 24/7 उसी में लगा रहता है। कभी गेम्स खेलने, कभी सोशल साइट्स, तो कभी कुछ सर्च करने में यानी उनके दिमाग़ को आराम नहीं मिल पाता। दिमाग़ को शांति व सुकून न मिल पाने के कारण उनका व्यवहार आक्रामक हो जाता है। कभी किसी के साथ साधारण बातचीत के दौरान भी वो उग्र व चिड़चिड़े हो जाते हैं। ऐसे बच्चे किसी दूसरे के साथ जल्दी घुलमिल नहीं पाते, दूसरों का साथ उन्हें असहज कर देता है। वो हमेशा अकेले रहना ही पसंद करते हैं।

### ध्यान केंद्रित नहीं कर पाना

लगातार हानिकारक रेडिएशन के संपर्क में रहने के कारण दिमाग़ को कई तरह की समस्याओं से जूझना पड़ता है। दिमाग़ के सामान्य काम पर भी इसका असर पड़ता है। बच्चों के दिमाग़ में हमेशा मोबाइल ही घूमता रहता है, जैसे- फलां गेम में नेक्स्ट लेवल तक कैसे पहुंचा जाए? यदि सोशल साइट पर है, तो नया क्या अपडेट है? आदि। इस तरह की बातें दिमाग़ में घूमते रहने के कारण वो अपनी पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे पाते। ज़ाहिर है ऐसे में उन्हें पैरेंट्स व टीचर से डांट सुननी पड़ती है। बार-बार घर व स्कूल में शर्मिंदा किए जाने के कारण वो धीरे-धीरे फ्रस्ट्रेट भी होने लगते हैं।

### नींद में खलल

बच्चे दोस्तों से बात करने, गेम खेलने या सोशल मीडिया के माध्यम से ब्राऊज करने में देर तक जागे रह सकते हैं, जो समय के साथ थकान और बेचैनी का कारण बनता है। नींद पढ़ाई में भी रूकावट डालती है, क्योंकि बच्चों को स्कूल में पढ़ाई जाने वाली चीजों पर ध्यान केंद्रित करते समय बहुत नींद आती है। इसका दूरगामी प्रभाव पड़ता है जो उनके जीवन के आगे के चरणों में फैल जाता है।

### काल्पनिक दुनिया में जीते हैं

मोबाइल पर सोशल साइट्स की आसान उपलब्धता के कारण बच्चे आपसे नज़र बचाकर ज़्यादातर समय उसी पर व्यस्त रहते हैं। अपने रियल दोस्तों की बजाय वर्चुअल वर्ल्ड में दोस्त बनाते हैं और उसी आभासी दुनिया में खोए रहते हैं। बार-बार पैरेंट्स द्वारा मना करने के बाद भी उनकी नज़र बचाकर वो सोशल साइट्स पर बिज़ी हो जाते हैं। नतीजतन पढ़ाई और बाकी चीज़ों में वो पिछड़ते चले जाते हैं। आभासी दुनिया में खोए रहने के कारण उनकी सोशल लाइफ बिल्कुल ख़त्म हो जाती है, जो भविष्य में उनके लिए बहुत ख़तरनाक साबित हो सकता है।

# अनगिनत फायदे पहुंचाता हैं लौंग, जानें सेवन से किन समस्याओं का होगा निवारण

लौंग एक लोकप्रिय मसाला है जिसका इस्तेमाल भारतीय भोजन में बहुत किया जाता है। औषधीय गुणों से भरपूर लौंग का सेवन करने से सेहत को कई प्रकार के लाभ मिलते है। प्राचीन समय से ही भोजन के स्वाद को बढ़ाने से लेकर कई तरह की दवाइयों के निर्माण तक में लौंग का



इस्तेमाल लिया जाता रहा है। लौंग में विटामिन सी, फाइबर, प्रोटीन, मिनरल्स के साथ एंटीऑक्सिडेंट भी भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं जो सेहत पर प्रभावी होते हैं। आप साबुत लौंग और इसके निकाले गए तेल का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। आज इस कड़ी में हम आपको बताने जा रहे हैं कि लौंग के सेवन से किन समस्याओं का निवारण किया जा सकता हैं। आइये जानते हैं...

### इम्यूनिटी को मजबूत बनाने में फायदेमंद

इम्यूनिटी को मजबूत बनाने के लिए लौंग का सेवन करना बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। क्योंकि लौंग में विटामिन सी और एंटी ऑक्सीडेंट के गुण पाए जाते हैं, जो इम्यूनिटी को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

### स्पर्म काउंट बढ़ाए

लौंग पुरुष स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है। लौंग का सेवन करने से स्पर्म काउंट बढ़ाने में मदद मिलती है। लेकिन आपको इसका सेवन सीमित मात्रा में या डॉक्टर की सलाह पर ही करना चाहिए। अधिक मात्रा में लौंग खाने से टेस्टोस्टेरॉन हार्मोन गड़बड़ा जाता है। टेस्टोस्टेरॉन एक मेल हार्मोन है। पुरुष अपनी स्टैमिना बढ़ाने के लिए भी लौंग का सेवन कर सकते हैं।

### दांतों के लिए फायदेमंद

लौंग में एंटी माइक्रोबियल गुण होते हैं। ये बुरे बैक्टीरिया के विकास को रोकने में मदद करते हैं। इसी वजह से ये ओरल हेल्थ में मददगार साबित होते हैं। इससे दांत दर्द में भी आराम मिलता है। आप मुंह में दर्द वाली जगह पर कुछ मिनट के लिए एक लौंग रख सकते हैं। ये दर्द से राहत दिलाने का काम करता है। अगर हर्बल टूथपेस्ट में इस्तेमाल किया जाए तो ये प्लेग और दांतों की सड़न को खत्म करने में मदद कर सकता है।

### पेट से जुड़ी समस्या को दूर करने में फायदेमंद

पेट से जुड़ी समस्या को दूर करने के लिए लौंग का सेवन करना बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। क्योंकि लौंग में फाइबर की भरपूर मात्रा होती है जो पाचन को बेहतर बनाने में मदद करता है। साथ ही ये पेट से जुड़ी समस्या को दूर करता है।

### बैक्टीरिया से बचाने में सहायक

लौंग में रोगाणुरोधी गुण पाए गए हैं, जिसका अर्थ है कि ये बैक्टीरिया जैसे सूक्ष्मजीवों के विकास को रोकने में मदद कर सकता है। टेस्ट-ट्यूब अध्ययन से पता चलता है कि लौंग के तेल में ई. कोलाई सहित कई अन्य बैक्टीरिया को मारने का गुण होता है। यह फूड पॉइजनिंग का कारण बनने वाले बैक्टीरिया से भी आपको सुरक्षित रखने में सहायक हो सकता है। इसके अलावा लौंग के जीवाणुरोधी गुण मौखिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में भी मदद कर सकते हैं, जिससे दांतों-मसूड़े की बीमारी का जोखिम कम हो जाता है।

### यौन संबंधी समस्याएं दूर करे

आयुर्वेदाचार्य यौन संबंधी समस्याओं से परेशान पुरुषों को लौंग खाने की सलाह देते हैं। रोजाना तय मात्रा में लौंग खाने से पौरुष संबंधी दिक्कतें दूर होती हैं। अगर आपको भी यौन संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, तो रोज सुबह खाली पेट 3-4 लौंग गुनगुने पानी के साथ ले सकते हैं। लौंग में मौजूद तत्व पुरुषों के स्टैमिना को बढ़ाने में मदद करते हैं।

### सिर दर्द से राहत दिलाने में फायदेमंद

सिर दर्द से राहत पाने के लौंग का इस्तेमाल करना बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। क्योंकि लौंग यूजेनॉल मौजूद होता है जो सिर दर्द से राहत दिलाने में मदद करता है।

## मुक्किवल ने अधिवक्ता को दी हत्या की धमकी

हरिद्वार । एक अधिवक्ता ने अपने मुवक्किल पर चेक बाउंस का मुकदमा लड़ने की फीस मांगने पर घर में आकर गाली गलौज और हत्या की धमकी देने का आरोप लगाया है। ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आर्यनगर निवासी अधिवक्ता गुरुप्रीत सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उन्होंने सीतापुर के जानकीपुरम निवासी अपने मुक्किवल आकाश कुमार पुत्र विक्रम सिंह के चेक बाउंस से जुड़े मुकदमों की पैरवी की थी। आरोप है कि मुवक्किल ने उसे फीस अदा नहीं की थी। इस मामले में उसने आकाश को एक नोटिस भी भेजा था। नोटिस के बाद उसने जल्द ही फीस अदा करने की बात कही थी लेकिन उसके बाद भी टालमटोल करता रहा।

## मां चंडी देवी की आराधना से साधक के सकल मनोरथ होते हैं सिद्धः महंत रोहित गिरी

हरिद्वार । मां चंडी देवी मंदिर परमार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत रोहित गिरी ने कहा कि नवरात्र पर्व मां दुर्गा की भक्ति और परमात्मा की शक्ति की पूजा का पर्व है। नवरात्र पर मां भगवती की उपासना से साधक के सकल मनोरथ सिद्ध होते हैं। इसलिए सभी को पवित्र मन से मां भगवती की उपासना अवश्य करनी चाहिए। नील पर्वत पर सिद्धस्थल मां चंडी देवी मंदिर के परिसर में नवरात्र पर्व के तीसरे दिन उन्होंने श्रद्धालु भक्तों को मां की महिमा बताई। कहा कि माता की सभी शक्तियों का महत्व अलग-अलग है लेकिन मां का स्वरूप एक ही है। मां चंडी देवी नवरात्र के दौरान अपने भक्तों पर असीम कृपा बरसाती हैं।

## मासूम की बरामदगी को लेकर मेरठ में पुलिस टीमों ने डाला डेरा

हरिद्वार ,संवाददाता। हरिद्वार पुलिस ने हरकी पैड़ी क्षेत्र से एक साल के बच्चे की बरामदगी के लिए मेरठ में डेरा डाल लिया है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर पुलिस टीमें मेरठ पहुंची हैं लेकिन अभी कोई अहम सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही मासूम को बरामद कर लिया जाएगा।

हरकी पैड़ी से सटे नाईघाट से मंगलवार को लालजी वाला बस्ती में रहने वाले छोटू दास का एक साल का बेटा अंकुश गायब हो गया था। इस दौरान छोटू दास की पत्नी नीतू उसे बेटी के पास छोड़कर खाना लेने गई थी। चंद मिनट जब वह वापस लौटी तो बच्चा गायब था। उसकी बेटी ने किसी व्यक्ति के उसे अपनी गोद में उठाकर ले जाने की बात बताई थी।

# जिलाधिकारी ने किया मतदेय स्थल का स्थलीय निरीक्षण

देहरादून,संवाददाता। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष एवं निर्विघ्न व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने आज 01 टिहरी गढवाल संसदीय क्षेत्र विकासखंड रायपुर के अंतर्गत स्थापित विभिन्न मतदेय स्थल का स्थलीय निरीक्षण करते हुए बूथों पर उपलब्ध सुविधाओं को बारीकी से अवलोकन किया। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने मौके पर उपस्थित बीएलओ ,सुपरवाइजर एवं तहसीलदार को मतदान बूथों को सुगम सुव्यवस्थित बनाए रखने के आवश्यक निर्देश दिए। उन्होने मतदान स्थल भाग संख्या 63 गुरूनानक अकादमी रायपुर रोड़, 64 गुरूनानक अकादमी रायपुर रोड़ ,तथा 157 राजकीय बालिका इण्टर कालेज रायपुर, 158 राजकीय बालिका इण्टर कालेज रायपुर , 159 राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय आदि मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होने बूथ पर उपलब्ध सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए संबधित अधिकारी को मतदान केंद्रों में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार समुचित मूलभूत सुविधा/ व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए। कहा कि मतदान स्थलों पर पोलिंग पार्टियों के लिए किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इस बात को गंभीरता से लेना सुनिश्चित करें। तथा मतदान के दौरान मतदाताओं को समुचित सुगम व्यवस्था बनाए रखेंगे। पूर्व माध्यमिक विद्यालय रायपुर में पेयजल ,शौचालय कक्ष एवं आवागमन मार्ग का अवलोकन किया। मुख्य गेट के सामने सड़क पर नाली को ठीक करने हेतु अपर तहसीलदार का आवश्यक दिशा निर्देश दिए, उन्होंने राजकीय बालिका इण्टर कालेज रायपुर के निरीक्षण के दौरान शौचालय, पेयजल विद्युत आपूर्ति का अवलोकन करते हुए सुगम व्यवस्थाएं बनाये रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सहायक निदेशक बी सी नेगी , अपर तहसीलदार सदर विवेक राजौरी , संबंधित बथों के बीएलओ व संबंधित कार्मिक उपस्थित रहे।



## प्रियंका ने ध्वस्त किए भाजपा के हवाई किले : राजीव महर्षि

देहरादून,संवाददाता। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चीफ मीडिया को-ऑर्डिनेटर राजीव महर्षि ने दावा किया कि कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी की रामनगर और रुड़की ने हुई दो सफल रैलियों के बाद भाजपा के हवाई किले ध्वस्त हो गए हैं। महर्षि ने कहा कि दोनों रैलियां उम्मीद से अधिक सफल रही और तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद जिस तरह लोग उमड़े, उससे भाजपा खेमे में निश्चित रूप से हड़कंप मच गया है। श्रीमती प्रियंका गांधी ने जिस तरह से प्रदेश के मुद्दों को एड्रेस किया, और रैलियों में आए लोगों ने जो रिस्पॉन्स दिया, उससे चुनाव का नतीजा भी निर्धारित हो गया है। महर्षि ने कहा कि प्रियंका जी ने महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक, अंकिता हत्याकांड जैसे मुद्दे उठा कर भाजपा को निरुत्तर किया है। साथ ही देवभूमि की आस्था, मर्यादा और श्रद्धा को लेकर उन्होंने भाजपा के बड़े वाले स्टार प्रचारकों को जो आईना दिखाया, उसके बाद उनके पास बगलें झांकने के अलावा कोई चारा नहीं रह गया है। प्रियंका जी ने जो भी संवाद प्रदेश की जनता से किया, उससे प्रदेश की पांचों लोकसभा सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों की विजय निश्चित हो गई है और भाजपा के रेत के महल आंधी में उड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि आज तक भाजपा के स्टार प्रचारक झूठ का महल बना कर वोटों की फसल काटते आ रहे थे लेकिन आज की रैलियों से तय हो गया है कि लोग अब भाजपा के कुशासन को बर्दाश्त करने के लिए तैयार नहीं हैं। महर्षि ने कहा कि रुड़की और रामनगर की सफल रैलियों के बाद कांग्रेसजनों का मनोबल बहुत ऊंचा हो गया है और चुनाव अभियान के बचे दिनों में घर घर तक कांग्रेस के न्याय पत्र को पहुंचाने में पार्टी कार्यकर्ता जुट गए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा आज तक झूठ के बल पर लोगों को भ्रमित करते हुए ठगती आई है लेकिन अब लोग जागरूक हो गए हैं और इस बार भाजपा सरकार की विदाई निश्चित हो गई है।



# पुलिस अधीक्षक ने की आईटीबीपी अधिकारियों के साथ बैठक

चमोली,संवाददाता। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चमोली द्वारा आईटीबीपी के अधिकारियों के साथ की गई गोष्ठी।

लोक सभा निर्वाचन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य पहलुओं पर की गई चर्चा। आज पुलिस अधीक्षक चमोली सर्वेश पंवार द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के परिपेक्ष्य में जनपद को प्राप्त आईटीबीपी व आईआरबी के अधिकारियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित अधिकारियों के साथ आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत सुरक्षा व अन्य पहलुओं पर चर्चा करते हुए उनके रूकने, परिवहन के साधनों व अन्य बुनियादी व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गई तथा स्ट्रांग रुम व मतदान के दिन क्रिटिकल पोलिंग बूथ पर किस प्रकार से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना है के संबंध में विधिवत रुप से ब्रीफ करते हुए चुनाव आयोग द्धारा जारी गाईडलाइन/दिशा-निर्देशों का अक्षरशः कडाई से पालन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। सवेंदनशील तथा अति सवेंदनशील बूथो पर अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती के सम्बन्ध में उपस्थित अधिकारियों से चर्चा कर आपसी सामन्जस्य स्थापित करते हुए चुनावों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया की अपने अधीनस्थ कर्मगणों को भलीभांति ब्रीफ कर लें की चुनाव ड्यूटी दौरान अपने आचरण एवं व्यवहार इस प्रकार का रखें जिससे आम जनमानस को निर्भीक होकर अपने मताधिकारों का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया जा सके। इस दौरान असिस्टेंट कमांडेंट आईटीबीपी विकास लांम्बा, कंपनी कमांडर आईटीबीपी किशन सिंह बड़वाल, कंपनी कमांडर आईआरबी श्री एन0सी0 पाण्डेय, निरीक्षक आईटीबीपी श्री ओम चन्द, प्रभारी चुनाव सैल उ0नि0 श्री नरेन्द्र सिंह व उ0नि0 नवनीत भण्डारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# एफआरआई परिसर में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



देहरादून (संवाददाता)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-२०२४ में मतदान प्रतिशत् बढाने हेतु मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखण्ड एवं जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी सोनिका के निर्देशन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। उक्त के क्रम में आज एफआरआई परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप सुश्री झरना कमठान ने मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में मतदान के महत्व पर विस्तृत चर्चा करते हुए उपस्थित समस्त एफआरआई अधिकारियों/कर्मचारियों से न केवल स्वयं अपितु अपने परिवार सहित आस पास के समस्त मतदताओं को जागरूक कर मतदान हेतु बूथ तक साथ ले जाने की अपील की गई तथा सभी को मतदाता शपथ दिलवाई गई। जिला विकास अधिकारी/सहा० नोडल अधिकारी स्वीप ने भी उपस्थित सभी से मतदान की अपील की गई। कार्यक्रम में प्रोबेशनरी आईएएस सुश्री गौरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार, सहायक नोडल स्वीप, आशीष कठैत जिला प्रबंधक जल जीवन मिशन, इत्यादि उपस्थित रहे।

# चोरी के दो वाहनों के साथ एक गिरफ्तार

विकासनगर ।सेलाकुई पुलिस ने वाहन चोरी की घटना का खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी के दो वाहन बरामद किए गए हैं। आरोपी पर पहले भी एनडीपीएस सहित चार मुकदमे दर्ज हैं। थाना प्रभारी सेलाकुई शैंकी सिंह ने बताया कि रियासत हुसैन निवासी प्रगति विहार सेलाकुई ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि सेलाकुई शिव मंदिर के पास से उनकी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने शिकायत के बाद अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरी के खुलासे के लिए एक टीम का गठन किया। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच के साथ आसपास के लोगों से मामले में पूछताछ की। टीम के लगातार प्रयास और मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी शुभम सोनी, निवासी प्रगति विहार को चोरी की बाइक के साथ साथ सेलाकुई क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी ने एक अन्य वाहन कोतवाली क्षेत्र से चोरी करना बताया। आरोपी की निशानदेही पर राजारोड स्थित पिरामिड हॉस्टल के पीछे एक खाले से वाहन बरामद किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है। आरोपी के खिलाफ थाना सेलाकुई और प्रेमनगर में आर्म्स ऐक्ट और एनडीपीएस में पहले से ही मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

## सुंई में बाधित रही बिजली आपूर्ति

चम्पावत । आकाशीय बिजली गिरने से सुंई पऊ गांव का बिजली ट्रांसफार्मर फुंक गया। इससे ग्रामीणों को अंधेरे में रात काटने को मजबूर होना पड़ा। उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गुरुवार शाम को आकाशीय बिजली गिरने से सुंई पऊ गांव का मुख्य ट्रांसफार्मर फुंक गया। इससे बिजली आपूर्ति पूरी रात गुल रही। बिजली नहीं होने से पानी की आपूर्ति पर भी असर पड़ा। यूपीसीएल के अभियंता अशोक कुंवर ने बताया कि शुक्रवार सुबह ट्रांसफार्मर को सही करने का कार्य शुरू कर दिया है।

# धोखाधड़ी के आरोप में मिनी बैंक संचालक गिरफ्तार

हरिद्वार, (संवाददाता)। लक्सर के महाराजपुर कला गांव में स्थित एक बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक को ग्राहकों के बैंक अकाउंट से लाखों रुपए गबन करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। संचालक पर आरोप है कि उसने 14 व्यक्तियों के साथ धोखाधड़ी कर उनके खाते से करीब 10 लाख रुपए निकाल लिए। पीड़ित ग्राहकों ने ब्रांच मैनेजर और पुलिस को लिखित शिकायत देकर संचालक के खिलाफ कार्रवाई कर उनके पैसे वापस दिलाने की मांग की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

मिली लक्सर के महाराजपुर कला गांव निवासी सुखबीर सिंह एक बैंक रायसी से संबंधित ग्राहक सेवा केंद्र चलाता था। जिसमें सुखबीर ने कई क्षेत्र वासियों के अकाउंट खोले हुए थे। जिसमें नंदपुर निवासी एक महिला शकुंतला देवी ने कुछ दिन पहले 1 लाख 460 रुपए जमा किए थे। जिसमें बैंक संचालक सुखबीर सिंह ने महिला को रुपए जमा करने की कोई रसीद नहीं दी थी। उसने कई बार सुखबीर से रसीद मांगी, लेकिन वह टालता गया। जब महिला ने बैंक के ब्रांच में जाकर अपने खाते की जानकारी ली तो उसके खाते में रुपए जमा नहीं थे। एक अन्य ग्राहक सतीश ने बताया कि उसने भी 40 हजार रुपए कैश जमा किए थे, जो उसके खाते में नहीं है। ऐसे ही 14 ग्राहकों ने पुलिस को संचालक सुखबीर के खिलाफ धोखाधड़ी और पैसे गबन करने का आरोप लगाते हुए बैंक मैनेजर रायसी और कोतवाली लक्सर पुलिस को शिकायत दी थी। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए रविवार को संचालक सुखविंदर को गांव महाराजपुर कला से गिरफ्तार किया है।

# कांग्रेस के विकास के केन्द्र में समाज के अंतिम छोर पर बैठा आदमी: माहरा



देहरादून (संवाददाता)। उत्तराखण्ड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा अपनी चुनावी जनसभा में उत्तराखण्ड राज्य के ज्वलंत मामलों को उठाने तथा कांग्रेस की ओर से इन समस्याओं के समाधान का आश्वासन देने के लिए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि प्रियंका गांधी ने जिस प्रकार राज्य के ज्वलंत मुद्दों अंकिता भंडारी हत्याकांड, अग्निवीर योजना, किसानों के साथ हो रहे अन्याय, लगातार बढ़ रहे पलायन, बढ़ती बेरोजगारी और पहाड़ की महिलाओं के पहाड़ जैसी जिंदगी को केन्द्रित करते हुए कांग्रेस पार्टी की ओर से इन सभी वर्गों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है उससे स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसके विकास के केन्द्र में समाज के अंतिम छोर पर बैठा आदमी होता है। करन माहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने पिछले 10 वर्ष के कार्यकाल में लगभग 10 बार उत्तराखण्ड आ चुके हैं परन्तु उनके उत्तराखण्ड दौरे सैर सपाटे से अधिक कुछ नहीं थे। अब वे चुनावी सभाओं को संबोधित करने आ रहे हैं परन्तु उन्होंने न तो अपने सामान्य दौरों में उत्तराखण्ड के विकास की बात की और न ही चुनावी सभाओं में इन ज्वलंत मुद्दों पर अपना मुंह खोला। वे जितनी भी बार उत्तराखण्ड आये उन्होंने हमेशा यहां की गंगा-जमुनी संस्कृति और आपसी भाईचारे को बिगाड़ने का ही प्रयास किया। इस चुनाव में भी उन्होंने जहां एक ओर कांग्रेस पार्टी को कोसने का काम किया वहीं दूसरी ओर हमारी आस्था के प्रमुख केन्द्रों मां धारी देवी एवं मां चन्द्रबदनी को अपना चुनावी हथियार बनाने का ही प्रयास काम किया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने एकबार फिर दोहराया कि मोदी जी को अंकिता भण्डारी के जघन्य हत्याकांड और वीआईपी के नाम उजागर न होने पर जवाब देना चाहिए था। सेना में सैनिक के स्थान पर अग्निवीर योजना शुरू करने पर युवाओं के भविष्य पर पडने वाले प्रभाव पर जवाब देना चाहिए था। राज्य में पिछले 7 सालों से लागातार हो रहे भर्ती घोटालों एवं भाई भतीजावाद पर जवाब देना चाहिए था। बेरोजगारी के कारण राज्य में लगातार हो रहे पलायन पर जवाब देना चाहिए था। परन्तु उन्होंने कांग्रेस को कोसने और अपनी व अपनी पार्टी की नीतियों के अनुसार केवल धार्मिक भावनायें भडकाने के अलावा कुछ नहीं कहा। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी जी ने महिलाओं की समस्याओं, युवा व बेरोजगारों की समस्याओं, पलायन की समस्या, किसानों की समस्याओं पर अपना ध्यान केन्द्रित कर जतला दिया कि केवल कांग्रेस पार्टी ही राज्य व देश के विकास की सोचती है और करती है।

# सचिन अध्यक्ष और विशेष गोयल बने महामंत्री

हरिद्वार (संवाददाता) । हरकी पैड़ी जाह्नवी व्यापार मंडल के अध्यक्ष पद पर सचिन शर्मा, महामंत्री विशेष गोयल महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद पर कमल गुप्ता को निर्विरोध चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर यागिक वर्मा, मंत्री पद पर नीरज शर्मा को चुना गया। शहर व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजीव पाराशर और महामंत्री अमन शर्मा ने फूलमाला पहनाकर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर जाह्नवी व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष समरपाल चौहान, संदीप गोस्वामी, अंकेश भाटी, मिसरी लाल, पंकज गर्ग, शुभम गोयल, कार्तिक सेठ, जय गोपाल वर्मा, सन्नी अरोड़ा आदि शामिल रहे।



## ओके प्ले इंडिया ने फाइनेंशियल ईयर की चैथी तिमाही में शानदार परिणाम पेश किए

देहरादून (संवाददाता)। ओके प्ले इंडिया लिमिटेड, प्लास्टिक मोल्डेड फर्नीचर, आउटडोर प्ले इक्विपमेंट, पॉइंट-ऑफ-परचेज प्रोडक्ट्स, ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के उत्पादन में लगी एक लीडिंग कंपनी ने 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए मजबूत आय की घोषणा की है। 31 मार्च 2024 (स्टैंडअलोन) को समाप्त तिमाही के लिए, कंपनी ने अपना रेवेन्यू 4838.46 लाख रुपये रिपोर्ट किया, जिसमें तिमाही दर तिमाही 45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। एबिटा में तिमाही दर तिमाही में 126 प्रतिशत उछला और 252.05 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24 की तीसरी तिमाही), से 571.83 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24 की चैथी तिमाही) हुआ।

# एवरेस्ट विजेता प्रवीण राणा का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज




**उत्तरकाशी।**उत्तराखंड के उत्तरकाशी निवासी एवरेस्ट विजेता पर्वतारोही प्रवीण राणा का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। प्रवीण उत्तरकाशी की असी गंगा घाटी के ढासड़ा गांव के रहने वाले हैं।उन्होंने यह उपलब्धि माउंट एवरेस्ट सहित अफ्रीका, यूरोप व आस्ट्रेलिया महाद्वीपों की सबसे ऊँची चोटियों का सफल आरोहण करने के लिए हासिल की है। इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड की ओर से उन्हें सर्टिफिकेट जारी किया गया है।

# मुख्यमंत्री धामी ने किया यज्ञोपैथी रिसर्च सेंटर का उद्घाटन

हरिद्वार (संवाददाता) ।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देवसंस्कृति विश्वविद्यालय में यज्ञोपैथी रिसर्च सेंटर का उदघाटन किया। प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। बताया कि यज्ञोपैथी रिचर्स सेंटर में विभिन्न बीमारियों के उपचार को लेकर शोध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब तक किए गए शोधों में अनिद्रा, रक्तचाप, मानसिक रोग आदि में यज्ञोपैथी कारगर चिकित्सा पद्धति साबित हुई है। उन्होंने बताया कि बीमारियों के अनुसार विभिन्न औषधीय जड़ी-बूटियों के मिश्रण से हवन सामग्री बनाई गई है। उन्होंने बताया कि इन हवन सामग्रियों के मिश्रण से यज्ञ करने से आश्चर्यजनक परिणाम मिले हैं। साथ ही मुख्यमंत्री ने एशिया के प्रथम बाल्टिक सेंटर सहित विवि के विभिन्न प्रकल्पों,



स्वावलंबन कार्यशाला और कागज लघु उद्योग का अध्ययन किया। प्रज्ञेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर राज्य के विकास की प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न गतिविधियों की सराहना की।

# प्रेस क्लब की नयी कार्यकारिणी ने ली शपथ



हरिद्वार, संवाददाता। प्रेस क्लब में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में प्रेस क्लब की नयी कार्यकारिणी को नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमित कुमार शर्मा ने कार्यकारिणी व व पूर्व अध्यक्ष प्रो.पीएस चौहान ने पदाधिकारियों को शपथ दिलायी। समारोह में कुमार दुष्यंत व अमित कुमार ने कोषाध्यक्ष, गोपाल कृष्ण पटुवर व बालकृष्ण शास्त्री ने सचिव, राहुल वर्मा ने कोष सचिव, जोगेंद्र सिंह मावी ने सांस्कृतिक सचिव व तनवीर अली ने प्रचार सचिव पद की शपथ ली। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमित शर्मा ने कहा कि प्रेस क्लब बुद्धि जीवियों का संगठन है और समाज को इस वर्ग से कई अपेक्षाएं रहती हैं। यह भरोसा बना रहना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन नवनिर्वाचित महामंत्री डा.प्रदीप जोशी ने किया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष रामचंद्र कन्नौजिया, डा.रजनीकांत शुक्ल, आदेश त्यागी, रमेश खन्ना, डा.शिवा अग्रवाल, प्रदीप गर्ग, प्रतिभा वर्मा, कुशलपाल सिंह चौहान, सुरेन्द्र बोकाडिया, सुरेन्द्र शर्मा, सुनीलदत्त पांडेय, रोहित सिखौला, महेश पारिख, संजय रावल, हिमांशु द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# त्याग और तपस्या की प्रतिमूर्ति थे ब्रह्मलीन स्वामी परमानंद एवं माता दर्शनानंद राधा देवी-स्वामी अनंतानंद

हरिद्वार,संवाददाता। ब्रह्मलीन स्वामी परमानंद एवं ब्रह्मलीन माता दर्शनानंद राधा देवी की पुण्य तिथी पर संत समाज ने उनका भावपूर्ण स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। खड़खड़ी स्थित गरीबदासी परमानन्द आश्रम में आश्रम के परमाध्यक्ष स्वामी केशवानंद शास्त्री महाराज के सानिध्य में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह को सबोधित करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानंद महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी परमानंद एवं ब्रह्मलीन माता दर्शनानंद राधा देवी त्याग और तपस्या की प्रतिमूर्ति थे। समाज कल्याण के लिए जीवन समर्पित करने वाले ब्रह्मलीन स्वामी परमानंद महाराज एवं ब्रह्मलीन माता दर्शनानंद राधा देवी के विचार और उनका कृतित्व सदैव सभी को प्रेरणा देता रहेगा। स्वामी रविदेव शास्त्री महाराज ने कहा कि सनातन धर्म संस्कृति और समाज सेवा में ब्रह्मलीन स्वामी परमानंद महाराज एवं ब्रह्मलीन माता दर्शनानंद राधा देवी महाराज का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

स्वामी केशवानंद शास्त्री महाराज जिस प्रकार अपने गुरूजनों के दिखाए मार्ग पर चलते हुए धर्म और समाज की सेवा कर रहे हैं। उससे सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी संत महापुरूषों का आभार व्यक्त करते हुए स्वामी केशवानंद शास्त्री महाराज ने कहा कि समाज को ज्ञान की प्रेरणा देकर सदमार्ग पर अग्रसर करना ही संत समाज का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पूज्य गुरूदेव ब्रह्मलीन स्वामी परमानंद एवं ब्रह्मलीन स्वामी माता दर्शनानंद राधा देवी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए उनके अधूरे कार्यो को आगे बढ़ाना ही उनके जीवन का उद्देश्य है। महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद महाराज व महंत सुतिक्ष्ण मुनि ने कहा कि माता पिता और गुरूजनों की सेवा करने वाले व्यक्ति पर ईश्वर की कृपा सदैव बनी रहती है।

ब्रह्मलीन स्वामी परमानंद महाराज एवं ब्रह्मलीन माता दर्शनानंद राधा देवी महाराज संत समाज की दिव्य विभूति थे। परमार्थ और भक्तों के कल्याण के लिए जीवन व्यतीत करने वाले ब्रह्मलीन स्वामी परमानंद महाराज और ब्रह्मलीन माता दर्शनानंद राधा देवी से प्राप्त ज्ञान और शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए स्वामी केशवानंद भारती जिस प्रकार आश्रम की सेवा परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। उससे सभी युवा संतों को प्रेरणा लेनी चाहिए।

इस अवसर पर स्वामी प्रेमानंद, महंत तीर्थ सिंह, स्वामी रामानंद, स्वामी परमानंद, स्वामी प्रेमदास, स्वामी दिनेश दास, महंत सुतिक्ष्ण मुनि, महंत मोहन सिंह कई संत महापुरूष और श्रद्धालु मौजूद रहे। नवरात्रों में जो भक्त सच्चे मन से नौ दिनों तक मां की आराधना करते हैं। मां शेरावाली उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती है।

# भूमि आंदोलनकारियों ने चुनाव के बहिष्कार का ऐलान लिया वापस

काशीपुर । लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का ऐलान करने वाले भूमि बचाओ आंदोलनकारियों ने अपना ऐलान वापस ले लिया है। अब ये आंदोलनकारी आगामी १९ अप्रैल को मतदान करेंगे और लोगों को मतदान के लिए जागरूक भी करेंगे। आंदोलनकारियों ने ये निर्णय एसडीएम के समझाने के बाद लिया है। बता दें कि २० गांवों की ५८३८ एकड़ भूमि पर मालिकाना हकों के लिए लंबे समय से आंदोलन कर रहे आंदोलनकारियों ने आचार संहिता लगने से पूर्व ही लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का ऐलान किया था। साथ ही प्रभावित २० गांवों में जाकर लोगों को मतदान नहीं करने के लिए को कहने की बात कही गई थी। आंदोलनकारियों के इस निर्णय के बाद शासन प्रशासन में हरकत में आ गया। अधिकारी लगातार आंदोलनकारियों से वार्ता कर बहिष्कार को वापिस लेने का अनुरोध कर रहे थे। वहीं शुक्रवार को धरना स्थल पर आंदोलनकारियों ने एक बैठक का आयोजन किया, जिसमें इन लोगों ने एसडीएम राकेश तिवारी के अनुरोध को स्वीकार करते हुए अपने बहिष्कार के ऐलान को वापस लेने की बात कही। सभी लोगों ने इसपर अपनी सहमति जताई। भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा ने कहा कि आंदोलनकारी पिछले २६४ दिनों से आंदोलन पर बैठे हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। इससे आंदोलनकारियों में आक्रोश है। इसी आक्रोश को लेकर आंदोलनकारियों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने की बात कही थी, लेकिन एसडीएम राकेश तिवारी के समझाने के बाद आंदोलनकारियों ने अपना ये फैसला वापस ले लिया है। अब आंदोलनकारी मतदान करेंगे। वहीं आंदोलन के संयोजक रजनीत सिंह सोनू ने कहा कि मतदान नहीं करना मसले का हल नहीं है। चूंकि निर्वाचन आयोग से सख्त निर्देश हैं कि प्रत्येक मतदाता मताधिकार का प्रयोग करे, लेकिन सरकार से नाराज आंदोलनकारियों ने बहिष्कार का ऐलान किया था। हम लोगों ने आंदोलनकारियों से अनुरोध की थी कि वह चुनाव का बहिष्कार न करें। हमारे समझाने के बाद आंदोलनकारियों ने हमारी बात मान ली और बहिष्कार का ऐलान वापस लेते हुए १९ अप्रैल को मतदान करने पर हामी भरी है।

## 29 जून से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा, 52 दिन चलेगी यात्रा

श्रीनगर । श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड ने जानकारी दी है कि 29 जून 2024 से अमरनाथजी यात्रा 2024 शुरू होगी जो 19 अगस्त 2024 को समाप्त होगी. जिसकी एडवांस बुकिंग 15 अप्रैल 2024 से शुरू हो जाएगा. लोकसभा चुनाव के ठीक बाद 29 जून से अमरनाथ यात्रा इस बार 52 दिन की यात्रा 19 अगस्त तक चलेगी, जो पिछले साल से दस दिन कम होगी. यात्रा के लिए 15 अप्रैल से देशभर में अधिकृत बैंक शाखाओं में एडवांस बुकिंग प्रक्रिया शुरू होगी. पारंपरिक बालटाल और पहलगाम ट्रैक से डेली बेसिस पर 10-10 हजार श्रद्धालुओं को पवित्र गुफा की ओर भेजने की अनुमति होती है. इस बार यात्रा के दौरान किसी भी प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए उचित मैनेजमेंट किए जाएंगे. यात्रा के दौरान बाबा अमरनाथ की पवित्र गुफा से सुबह-शाम आरती का सीधा प्रसारण जुलाई से किया जाएगा.

स्वामी,मुद्रक व प्रकाशक अवनीश कुमार द्वारा भगवती प्रिंटर्स,इण्डस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार से छपवाकर ग्रा. बसवाखेड़ी पो. मंगलौर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित किया।
**सम्पादक: अवनीश कुमार, मो0 9410553400**
ई-मेल: liveskgnews@gmail.com
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरिद्वार न्यायालय में ही होगा)
सभी लेखों में सम्पादक की सहमति जरूरी नही है।